Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 276 रायपुर, मंगलवार 29 अक्टूबर 2024 पृष्ठ-8+4 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

छत्तीसगढ़ और झारखंड में ईडी की दबिश, रायपुर में बार संचालक के ठिकानों पर चल रही जांच

रायपुर, 29 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। शराब घोटाला मामले में ईडी ने आज छत्तीसगढ़ के साथ झारखंड में छापा मारा है. जानकारी के मुताबिक, रायपुर मिनार बार के मालिक अनिल राठौर के घर और ठिकानों पर टीम ने दबिश दी है. अशोका रतन स्थित घर, मिनार बार और सूर्या अपार्टमेंट में कार्रवाई जारी है।

शराब घोटाला मामला

झारखंड और छत्तीसगढ़ प्रवर्तन निदेशालय (श्वष्ठ) के आधा दर्जन अफसर राठौर के ठिकानों पर जांच में जुटे हैं. वहीं झारखंड में आईएएस विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह और शराब कारोबार से जुड़ी अलग-अलग कंपनियों और उनके संचालकों के यहां ईडी की टीम ने दबिश दी है. गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ईओडब्ल्यू ने पहले ही इस मामले में उत्पाद विभाग के तत्कालीन सचिव विनय कुमार चौबे और संयुक्त सचिव गजेंद्र सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी. रांची के विकास कुमार ने एफआईआर दर्ज कराने को लेकर आवेदन दिया था. इसके बाद रायपुर में प्राथमिकी दर्ज हुई. आवेदन में कहा गया था कि शराब घोटाले की पूरी साजिश रायपुर में ही रची गई थी और आबकारी नीति में फेरबदल कराया. छत्तीसगढ़ की तर्ज पर झारखंड में शराब बेचने की तैयारी थी, जिसमें मुख्य कर्ताधर्ता अनवर और एपी त्रिपाठी को बताया गया था.

रोजगार मेला में पीएम मोदी ने बांटे 51000 अप्वाइंटमेंट लेटर

नई दिल्ली, 29 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को रोजगार मेले के तहत 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। प्रधानमंत्री ने सरकारी नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को संबोधित भी किया। इस दौरान मोदी ने कहा कि मैं आप सभी को धनतेरस के पावन अवसर पर बधाई देता हूँ।

एकता की दौड़

देश की अखंडता के लिए राजधानी वासियों के वास्ते हुआ आयोजन

रायपुर, 29 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के तेलीबांधा तालाब में राजधानी वासियों के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता के लिए दौड़ लगाई। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी हम सभी को एकजुट होकर आगे बढ़ाने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान एकता दौड़ को झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री के साथ कैबिनेट मंत्री राम विचार नेताम, मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, टंकराम वर्मा, मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब ने भी एकता दौड़ लगाई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल का पुण्य स्मरण करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि ब्रिटिश शासन के दौरान सरदार पटेल ने अंग्रेजों के खिलाफ कई बड़े आंदोलनों का नेतृत्व किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर आयोजित रन फॉर यूनिटी में शामिल हुए मुख्यमंत्री

स्वतंत्रता के बाद उन्हीं के प्रयासों से रियासतों को एक करके उन्हें स्वतंत्र भारत में शामिल किया गया। साय ने कहा कि सरदार पटेल ने भारत की अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने कहा कि रन फॉर यूनिटी सभी लोगों को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल ने जिस संकल्प और साहस के साथ राष्ट्र को एकजुट किया, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। रन फॉर यूनिटी के आयोजन का उद्देश्य फिटनेस के मंत्र को भी देशभर में फैलाना है। सभी स्वस्थ रहेंगे तो देश अपनी पूरी ऊर्जा के साथ विकास के रास्ते पर तेजी से आगे बढ़ पाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी को धनतेरस, दीपावली, राज्य स्थापना, अन्नकूट और छठ महापर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री राम विचार नेताम ने सभी को राष्ट्रीय एकता दिवस दिवस की शुभकामनाएं दी।

देवरानी से झगड़े के बाद जेठानी ने बच्चों के साथ पीया जहर, महिला की हुई मौत

बालोद, 29 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। देवरानी से झगड़े होने के बाद जेठानी का पारा कुछ ऐसा चढ़ा कि उसने अपने दो मासूम बच्चों को कीटनाशक पिलाकर खुद पी लिया . नाजुक हालत में तीनों को अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई, वहीं बच्चों की हालत नाजुक है. घटना अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के कुरदी गांव की है, जहां सोमवार को देवरानी से झगड़े के बाद डुमेश्वरी साहू ने बाजार कीटनाशक लाकर पहले अपनी चार साल की बेटी और सात साल के बेटे को पिलाया और उसके बाद खुद पी गई थी. जहर सेवन की बात पता चलने पर परिजनों ने अर्जुन्दा में प्राथमिक उपचार कराया, लेकिन महिला की स्थिति बिगड़ती देख उसे राजनांदगांव रेफर किया गया, जहां देर रात को उसने दम तोड़ दिया. वहीं रायपुर एम्स में दाखिल दोनों मासूमों की हालत नाजुक बताई जा रही है. घटना के बाद अर्जुन्दा पुलिस जांच में जुटी है.